प्रेषक,

जिला विकास अधिकारी,
हरिद्वार।

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास,
उत्तराखण्ड–पौड़ी।

पत्रांकः 244 / स्था0–2 / व्यक्ति0पत्रा0 / 2024–25

दिनांक 21 मई, 2024

**विषय** **श्रीमति सुशीला नेगी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विकास खण्ड–रूड़की, जनपद हरिद्वार का अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण विषयक प्रार्थना–पत्र का प्रेषण।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि श्रीमति सुशीला नेगी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, विकास खण्ड–रूड़की, हरिद्वार का अनुरोध के आधार प्रार्थना पंत्र दिनांक 5.04.2024 जो खण्ड विकास अधिकारी, रूड़की के कार्यालय पत्र संख्याः 11 / स्था0 / व्य0पत्रा0 / 2024–25 दिनांकः 5.04.2024 के माध्यम से प्राप्त हुआ है। श्रीमति नेगी द्वारा अनुरोध के आधार पर प्रार्थना–पत्र प्रेषित करते हुये, अवगत कराया गया है कि वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटना में उनके पुत्र की रीढ़ की हड्डी में चोट लगने के कारण वह अकेला ही देहरादून आवास में रहता है उसको चलने–फिरने में काफी दिक्कत होती है। तैनाती विकास खण्ड रूड़की, हरिद्वार में होने के कारण पुत्र की देखभाल सही तरीके से नही की जा पा रही है। अन्य कोई सदस्य घर में नही है। पारिवारिक परिस्थितियों के दृष्टिगत स्थानान्तरण (विशेष परिस्थितियों में) जनपद हरिद्वार से जनपद देहरादून में रिक्त होने वाले वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पद के प्रति किये जाने का अनुरोध करते हुये, अपने पुत्र के चिकित्सा संबंधी अभिलेख भी संलग्न किये गये है।

अतः महोदय, श्रीमति सुशीला नेगी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विकास खण्ड–रूड़की, जनपद–हरिद्वार का अनुरोध के आधार पर प्रार्थना–पत्र, उनके पुत्र के चिकित्सा संबंधी अभिलेखों के साथ मूलरूप में संलग्न कर, सादर इस अनुरोध के साथ प्रेषित किये जा रहे है कि कृपया सम्बन्धित कार्मिक के अनुरोध के आधार पर पारिवारिक परिस्थितियों के दृष्टिगत स्थानान्तरण संबंधी आवश्यक कार्यवाही किये जाने का कष्ट करें।

संलग्नकः– मूलरूप में।

भवदीय,

(वेदप्रकाश)
जिला विकास अधिकारी,
हरिद्वार।

प्रतिलिपिः– श्रीमति सुशीला नेगी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विकास खण्ड–रूड़की जनपद–हरिद्वार।
**द्वाराः–** खण्ड विकास अधिकारी, रूड़की (हरिद्वार)।

प्रेषक,

खण्ड विकास अधिकारी,
रूडकी।

सेवा में,

जिला विकास अधिकारी,
हरिद्वार।

पत्रांक 11 /स्था0/व्य0प0/2024–25 दिनांक 5-4-24

महोदय,

इस विकास खण्ड में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत श्रीमती सुशीला नेगी का जनपद हरिद्वार से जनपद देहरादून में स्थानान्तरण सम्बन्धी प्रार्थना–पत्र मूल रूप में संलग्न का आपकी सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्न–उक्तानुसार मूल रूप में।

भवदीय,

08/04/2024

खण्ड विकास अधिकारी,
रूडकी।

स्था0-2

D.D.O.
26/1

जिला विकास अधिकारी
पत्रांक..487...

## अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण(अधिनियम की धाराओं के अनुरूप) हेतु प्रार्थना पत्र का प्रारूप

1– कार्मिक का नाम पदनाम सहित: सुशीला नेगी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
2– नियुक्ति/पदोन्नति की तिथि( जो लागू न हो उसे काट दे): 20-01-1992
3– वर्तमान तैनाती कार्यालय/जनपद का नाम: चिकित्सा खण्ड रुड़की / जनपद हरिद्वार
4– इससे पूर्व किस जनपद में कार्यरत थे वहां से क्यों हटाये गये आधार: पदोन्नति जनपद देहरादून
(आधार यदि स्थानान्तरण हो तो उसका प्रकार स्वेच्छा,जनहित,प्रशासनिक जो भी हो उल्लेख किया जाये)

| कार्मिक का नाम /पदनाम | नियुक्ति की तिथि | जन्मतिथि | गृह जनपद | वर्तमान तैनाती स्थान में कब से कार्यरत है, का दिनांक | इससे पूर्व किस जनपद/तैनाती स्थान में कार्यरत थे का पदवार अध्यावधिक विवरण( दिनांकित अवधि से कमित पूर्व तैनाती जनपद/क्षेत्र का नाम स्पष्ट रूप से दिया जाये) | | स्थानान्तरण हेतु वरीयता कम में 03 इच्छित स्थानों के विकल्प | अभ्युक्ति ( आवश्यक विवरण यदि कोई हो) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अवधि | पूर्व तैनाती का जनपद/क्षेत्र का नाम/पदनाम | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| सुशीला नेगी | 20-1-92 | 5-9-67 | देहरादून | 19-1-23 | 20-1-1992 से 18-1-2023 तक | जनपद देहरादून | (1) देहरादून (2) हरिद्वार | |

5– मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों के अन्तर्गत नियुक्ति तो नहीं है: न
6– वर्तमान समय में निलम्बित तो नहीं हैं अथवा विभागीय सतर्कता जॉच विचाराधीन या प्रस्तावित तो नहीं है: न
7– स्थानान्तरण का कारण (स्थानान्तरण अधिनियम की धारा का उल्लेख कर संक्षिप्त विवरण): न
8– स्थानान्तरण हेतु पुष्ठ अभिलेख यदि कोई हो, की सत्यापित प्रति, कमित कर उपलब्ध कराई जाये: ✓
9– अन्य विवरण यदि कोई हो:

मैं प्रमाणित करता हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं वास्तविकता पर आधारित है, यदि इनमें से कोई तथ्य गलत पाया जाता है तो मेरा प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया जाये । इस हेतु मेरा विधिक दावा मान्य नहीं होगा ।

(सुशीला नेगी) व0प्र0अ0

हस्ताक्षर(आवेदक) नाम/पदनाम सहित

दिनांक:

(क)– निकटतम उच्च अधिकारी की संस्तुति:
मेरे द्वारा उक्त सभी स्तम्भों की सूचना की पुष्टि इनके सेवा अभिलेखों से कर ली गयी है और प्रार्थना पत्र में दिया गया सभी विवरण सत्य है ।

पदनाम की मोहर/हस्ताक्षर

(ख) सक्षम अधिकारी की संस्तुति:
मेरे द्वारा उक्त सभी स्तम्भों की सूचना की पुष्टि इनके सेवा अभिलेखों से कर ली गयी है और प्रार्थना पत्र में दिया गया सभी विवरण सत्य है। संवर्ग में (पदनाम)..............(संख्या) पद स्वीकृत है जिसके सापेक्ष.............. पद रिक्त है। श्री/श्रीमती.......... के स्थानान्तरण हेतु अपनी संक्षिप्त संस्तुति दें ।

पदनाम की मोहर/हस्ताक्षर

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास विभाग,
उत्तराखण्ड, पौडी।

**द्वारा—** **उचित माध्यम**

महोदय,

निवेदन है कि मेरी पदोन्नति माह जनवरी,2023 में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर जनपद देहरादून से जनपद हरिद्वार को किये जाने के फलस्वरूप मेरे द्वारा जनपद हरिद्वार में योगदान किया गया है।

महोदय मेरे द्वारा दिनांक 19.01.2023 को जनपद हरिद्वार में योगदान किया गया है।

महोदय मेरे पुत्र का वर्ष 2021 में सडक दुर्घटना (बस द्वारा) होने के कारण उसकी रीड की हड्डी का आपरेशन मैक्स अस्पताल, देहरादून में कराया गया जिसके कारण वह घर पर ही रहता है, उसको चलने—फिरने में काफी दिक्कत होती है। मेरी तैनाती जनपद हरिद्वार के विकास खण्ड रूडकी में होने के कारण मेरे द्वारा विकास खण्ड कालोनी में ही निवास किया जाता है। मेरे पुत्र को देहरादून में अकेले रहना पडता है। मेरी तैनाती विकास खण्ड रूडकी में होने के कारण मेरे द्वारा उसकी देख—भाल सही तरीके से नही की जा पा रही है। मेरे पुत्र की देख—भाल करने हेतु मेरे सिवा कोई अन्य सदस्य घर में नही है।

महोदय अवगत कराना है कि वर्तमान में जनपद देहरादून में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रिक्त चल रहा है।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि मेरी पारिवारिक परिस्थितियों को मध्यनजर रखते हुए मेरा स्थानान्तरण (विशेष परिस्थितियों में) अथवा राज्यपाल महोदय द्वारा **उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा पारित उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण विधेयक,2017 को दिनांक .3 जनवरी,2018 प्रकाशित सरकारी गजट के बिन्दु 17 (ख) अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण के (पॉच) के अनुसार जनपद हरिद्वार से जनपद देहरादून में रिक्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर करने की कृपा करेंगे।**

प्रार्थिनी आपकी आजीवन आभारी रहेंगे।

भवदीया
Sd/-
( सुशीला नेगी )
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी,
विकास खण्ड रूडकी।

संलग्न—उपरोक्तानुसार

संस्तुति सहित अग्रसारित।
Sd/-
05/04/2024
B...